स्मरण पत्र
विधानसभा प्रश्न
अति–आवश्यक

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

ब्लॉक संख्या 4, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
ईमेल–hrd.cce@gmail.com दूरभाष नं. : 0141–2705471

क्रमांकः एफ 26(16वि.स.–02/2816/वि.स./आकाशि/2024/ 11 दिनांक 29/7/24

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषयः– 16वीं विधानसभा प्रश्न/उच्च शिक्षा/अतारांकित द्वारा श्रीमती अनिता भदेल (4) माननीय सदस्य, राजस्थान विधानसभा द्वारा शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (सी.ए.एस.) का लाभ के क्रम में पूछे गये प्रश्न के सन्दर्भ में ।

सन्दर्भः– आयुक्तालय का पूर्व पत्र क्रमांक एफ 26(16वि.स.–02/2816/वि.स./आकाशि/2024/10 दिनांक 19.07.2024

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सन्दर्भित पत्र द्वारा श्रीमती अनिता भदेल, माननीय सदस्य, राजस्थान विधानसभा द्वारा पूछे गये विधानसभा प्रश्न के संबंध में स्प्रेडशीट में दिनांक 23.7.24 तक सूचना भरकर भिजवाने के निर्देश दिये गये थे। कुछ महाविद्यालय द्वारा आदिनांक तक सूचना नहीं भरी गई है तथा कुछ महाविद्यालयों ने अपूर्ण एवं गलत सूचना अंकित की है। स्प्रेडशीट में शिक्षकों के नाम अंकित करने है, संख्या नहीं लिखनी है। जो शिक्षक कार्यव्यवस्थार्थ अन्य महाविद्यालय में लगे हुए है, उनकी सूचना शिक्षक के मूल महाविद्यालय (जहां उनकी सेवापुस्तिका संधारित है) से दी जानी है। अतः पुनः महाविद्यालय प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे स्प्रेडशीट VIDHANSABHA 2024 के कॉलम AL, AM, AN, AO में अविलम्ब सही सूचना अंकित करें।

यह सूचना विधानसभा से संबंधित है अतः इसे गम्भीरता से लिया जायें । समय पर सूचना नहीं भिजवाने या अपूर्ण/गलत सूचना भिजवाने पर प्राचार्य स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

केशव शर्मा
29.7.2024
संयुक्त निदेशक (एच.आर.डी.)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर

प्रतिलिपि प्रभारी, वेबसाईट को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु ।

केशव शर्मा
29.7.2024
संयुक्त निदेशक (एच.आर.डी.)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर

Scanned with OKEN Scanner